# जुलवालिया ट्रैचिंग ग्राउंड में आग लगी, दमकल को लगाने पड़े 15 राउंड

**रतलाम.** शहर के जुलवानिया स्थित ट्रैचिंग ग्राउंड में बुधवार दोपहर को आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल को 15 राउंड लगाना पड़े, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक कचरा संग्रहण केंद्र पर अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना नगर निगम के दमकल विभाग को दोपहर करीब 12.40 बजे मिली। इसके बाद पहले एक दमकल गाड़ी भेजी गई। जब दमकल गाड़ी जुलवानियां पहुंची तो पता चला कि आग गंभीर है। इसके बाद दो दमकल गाड़ी और बुलवाई गई। तीन दमकल गाड़ियों ने मिलाकर 15 राउंड काटे, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का शुरुआती कारण कचरा गाड़ी के साथ आए कचरे में ही कुछ जला हुआ आया यह माना जा रहा है। आग लगने की सूचना मिलने के बाद नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी पहुंच गए थे।

पत्रिका

पत्रिका 17/3/22

# नगर के इतिहास में पहली बार कचरा संग्रहण वाहनों ने कचरा संग्रहण हेतु 1 दिवस में लगाई 214 ट्रीप



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

नगर को स्वच्छ-सुन्दर बनाने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में नम्बर 1 बनाने हेतु नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के चालकों व हैल्परों ने 15 मार्च को मुस्तैदी से कार्य करते नगर के 49 वार्डों के घरों से कचरा संग्रहण हेतु 214 ट्रीप लगाकर इतिहास रचा।

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कचरा संग्रहण वाहन के ऐसे ड्रायवर व हैल्पर जो कि वार्डों में घर-घर से कचरा संग्रहण हेतु प्रतिदिन 5 या उससे अधिक ट्रीप लगा रहे है, उनका सम्मान किया जा रहा है, जिसके तहत 13 मार्च को कचरा संग्रहण हेतु 5 ट्रीप लगाने वाले ड्रायवर राकेश पाटीदार, मुकेश बैरागी, सुनील मांगीलाल, नूर मोहम्मद, हैल्पर नरेन्द्र-ओमप्रकाश, दौलतराम, तुषार घोसर व विवेक-सुरेन्द्र का पलसोड़ा स्थित वर्कशॉप में कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, उपयंत्री मनीष तिवारी, लिपिक भूपेन्द्र सिंह चौहान द्वारा पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। कचरा संग्रहण हेतु वार्डों में 5 व 6 ट्रीप लगाने वाले ड्रायवर सुनील-मांगीलाल, राहुल नाहर, अरविन्द चौहान, मुकेश बैरागी, विशाल कौशल, जितेन्द्र सिन्दल, मुकेश, सुनील बैरागी, श्याम उंटवाल, पवन प्रेमदास, हिम्मत कंडारे, मनोज, नूर मोहम्मद, कैलाश मईड़ा, साहिर खान, सादिक कुरेशी, तौसिफ, जीवन कचरू, कैलाश परमार, वसीम कादरी व हैल्पर लखन सुभाष, दीपक लच्छु, राहुल दशरथ, दौलतराम, गोपाल मांगीलाल, लखन दीपक, अभिषेक, प्रवीण पारोचे, सुमित चौहान, गौरव भाटी, निर्मल हाड़े, लेखराज बाली, विवेक सुरेन्द्र, सुमीत, संदीप शिन्दे, विशाल कुवंरपाल, संदीप मुन्ना, मुकेश दिनेश, आनन्द व देवेन्द्र राजेन्द्र का पलसोड़ा वर्कशॉप में सम्मान किया जावेगा।

## कचरा संग्रहण हेतु 5 ट्रीप लगाने वाले ड्रायवर व हैल्परों का हुआ सम्मान

प्रसारण

प्रसारण 17/3/22

# जनसुनवाई में 74 आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभागों को दिए निर्देश

रतलाम

**जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। जनसुनवाई में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे, एसडीएम राजेश शुक्ला द्वारा 74 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग को निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अन्य अधिकारी उपस्थित थे।**



जनसुनवाई में ग्राम बाजना निवासी ओमप्रकाश डामर ने आवेदन देते हुए बताया कि प्रार्थी माध्यमिक विद्यालय गढीगमना में प्रधान अध्यापक पर पदस्थ होकर अप्रैल 2021 में सेवानिवृत्त हो चुका है तथा तकनीकी समस्या के चलते प्रार्थी को पेंशन व अन्य स्वत्वो का भुगतान नहीं हो पाया है। भुगतान नहीं होने से प्रार्थी की आर्थिक स्थिति भी दयनीय हो चुकी है तथा प्रार्थी कई बीमारियों से पीडित है। अत: पेंशन व अन्य योजनाओं का भुगतान करने की कृपा की जाए। प्रकरण निराकरण के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया है। पिपलौदा तहसील के ग्राम उपरवाड़ा के निवासियों ने आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम उपरवाडा में कुछ समय पहले ग्राम पंचायत द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाए जाने हेतु अतिक्रमणकर्ताओं को सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया गया था परन्तु आज दिनांक तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। अत: अतिक्रमण हटाया जाए। प्रकरण निराकरण हेतु एसडीएम जावरा को प्रेषित किया गया है।

ग्राम प्रीतमनगर निवासी प्रदीप पिता रामलाल ने जनसुनवाई में बताया कि प्रार्थी के पिता रामलाल पंवार शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय प्रीतमनगर में पीटीएस के पद पर कार्यरत थे तथा 19 फरवरी 22 को उनकी मृत्यु हो गई। पिता के देहान्त के बाद प्रार्थी को न तो अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान हुई और ना ही किसी प्रकार की कोई आर्थिक सहायता। प्रार्थी वर्तमान में मजदूरी कर अपने परिवार का जीवनयापन कर रहा है। अत: प्रार्थी को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जाए। प्रकरण निराकरण हेतु आयुर्वेद विभाग को भेजा गया है। ग्राम सुजलाना निवासी योगेश पिता भागीरथ प्रजापत ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि प्रार्थी की दोनों किडनियां खराब है तथा वर्तमान में उपचार चल रहा है। प्रार्थी की पारिवारिक स्थिति काफी दयनीय है। अत: प्रार्थी को आयुष्मान कार्ड का लाभ प्रदान किया जाए जिससे अपनी बीमारी का उपचार करवा सके। प्रकरण सीईओ जिला पंचायत को निराकरण के लिए भेजा गया है। इन्द्रलोक नगर निवासी आनन्द राव खण्डेर ने बताया कि प्रार्थी अनुसूचित जाति का होकर रिटायर्ड व्यक्ति है तथा परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है। अत: प्रार्थी का विद्युत बिल माफ किया जाए। प्रकरण डीई एमपीईबी को निराकरण के लिए भेजा गया है।

अभिलाषा - 16

अभिलाषा 16/3/22

# नगर निगम में कर्मचारी असंतोष से कटघरे में स्वच्छता अभियान

**रतलाम।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में बाजी मारने के लिए नगर निगम का प्रशासन सारे तरीके अपना रहा है। इसके लिए निगम के कर्मचारियों को भी बक्शा नहीं जा रहा है। निगमायुक्त लगातार कर्मचारियों के खिलाफ कभी वेतन काटने, नोटिस देने और कभी बर्खास्त करने की कार्यवाही कर रहे हैं। इससे निगम में कर्मचारियों में असंतोष उपज रहा है। निगम कर्मियों ने हाल ही में हड़ताल कर निगम प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया।

निगम प्रशासन द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर जब कचरा संग्रहण करने वाले वाहन के कर्मचारियों पर वेतन काटने की कार्रवाई की गई थी, तो विरोध स्वरूप कचरा संग्रहण गाड़ियों के चालकों और सहायकों ने काम बंद कर दिया था। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जब समय पर वाहन नहीं पहुंचे ,तो हड़कंप मचा और निगम अधिकारियों ने तावड़तोड़ चालकों और सहायकों को बुलाकर चर्चा की। उनकी समझाइश पर 3-4 घंटे बाद घर-घर से कचरा संग्रहित करने का काम शुरू हुआ।

निगम अधिकारियों की माने तो स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए सरकार द्वारा भेजे जाने वाले दल कभी भी रतलाम पहुंचकर सर्वे शुरू कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में सफाई कर्मचारियों की लापरवाही भारी पड़ सकती है। इसीलिए नगर निगम प्रशासन ने सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वाले 66 कर्मचारियों पर एक साथ कार्रवाई कर डाली। इससे कर्मचारियों में रोष फैल गया। कर्मचारियों द्वारा काम बंद करने की सूचना मिलने पर निगम अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर संबंधित कर्मचारियों को जब वेतन नहीं काटने का आश्वासन दिया, तभी वे काम पर लौटे।

गौरतलब है कि निगम प्रशासन पिछले एक साल से स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियां कर रहा है। पिछले साल तमाम प्रयासों के बाद भी रतलाम को सर्वेक्षण में अच्छा स्थान नहीं मिला था। इस साल फिर वही हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। निगम कर्मचारियों की माने तो सफाई के लिए अच्छे संसाधनों का सर्वथा अभाव है। निगम प्रशासन संसाधन उपलब्ध कराने के बजाए कर्मचारियों पर दबाव बना रहा है। इससे स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर चल रही उसकी तैयारियों पर सवाल उठ रहे हैं। उपग्रह

उपग्रह 17/3/22



# रतलाम नगर के इतिहास में पहली बार कचरा संग्रहण वाहनों ने कचरा संग्रहण हेतु 1 दिवस में लगाई 214 ट्रीप

रतलाम। नगर को स्वच्छ-सुन्दर बनाने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में नम्बर 1 बनाने हेतु नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के चालकों व हैल्परों ने 15 मार्च को मुस्तैदी से कार्य करते नगर के 49 वार्डो के घरो से कचरा संग्रहण हेतु 214 ट्रीप लगाकर इतिहास रचा।

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कचरा संग्रहण वाहन के ऐसे ड्रायवर व हैल्पर जो कि वार्डो में घर-घर से कचरा संग्रहण हेतु प्रतिदिन 5 या उससे अधिक ट्रीप लगा रहे है उनका सम्मान किया जा रहा है जिसके तहत 13 मार्च को कचरा संग्रहण हेतु 5 ट्रीप लगाने वाले ड्रायवर राकेश पाटीदार, मुकेश बैरागी, सुनील मांगीलाल, नूर मोहम्मद, हैल्पर नरेन्द्र-ओमप्रकाश, दौलतराम, तुषार घोसर व विवेक-सुरेन्द्र का पलसोड़ा स्थित वर्कशॉप में कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, उपयंत्री मनीष तिवारी, लिपिक

## कचरा संग्रहण हेतु 5 ट्रीप लगाने वाले ड्रायवर व हैल्परों का हुआ सम्मान

भूपेन्द्र सिंह चौहान द्वारा पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। कचरा संग्रहण हेतु वार्डो में 5 व 6 ट्रीप लगाने वाले ड्रायवर सुनील-मांगीलाल, राहुल नाहर, अरविन्द चौहान, मुकेश बैरागी, विशाल कौशल, जितेन्द्र सिन्दल, मुकेश, सुनील बैरागी, श्याम उंटवाल, पवन प्रेमदास, हिम्मत कंडारे, मनोज, नूर मोहम्मद, कैलाश मईड़ा, साहिर खान, सादिक कुरेशी, तौसिफ, जीवन कचरू, कैलाश परमार, वसीम कादरी व हैल्पर लखन सुभाष, दीपक लच्छु, राहुल दशरथ, दौलतराम, गोपाल मांगीलाल, लखन दीपक, अभिषेक, प्रवीण पारोचे, सुमित चौहान, गौरव भाटी, निर्मल खड़े, लेखराज बाली, विवेक सुरेन्द्र, सुमीत, संदीप शिन्दे, विशाल कुवंरपाल, संदीप मुन्ना, मुकेश दिनेश, आनन्द व देवेन्द्र राजेन्द्र का पलसोड़ा वर्कशॉप में सम्मान किया जावेगा। इन्दौर

इन्दौर समाचार 17/3/22

# शहर की समस्याओं की ऐसे ही सुध लेते रहें विधायक

रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार, सड़क पर लगने वाली सब्जी मंडियों के स्थानांतरण और नगर निगम से जुड़ी अनेक समस्याओं के समाधान की पहल की। उन्होंने कलेक्टोरेट में प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर पूर्व में इस संबंध में दिए गए निर्देशों की समीक्षा की। उन्होंने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निगम कार्यालय में आम लोगों से मिलने का समय नियत करने का कहकर जनसमस्याओं के समाधान की नई उम्मीद जगाई। इससे शहरवासियों को लगता है कि यदि विधायक ऐसे ही शहर की समस्याओं की सुध लेते रहे, तो कुछ तो सुधार अवश्य आएगा।

विधायक श्री काश्यप ने एक पखवाड़े पूर्व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के साथ शहर का भ्रमण कर सड़कों के नवनिर्माण, यातायात व्यवस्था और अन्य समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए थे। कलेक्टोरेट में बैठक लेकर फिर उन्हीं निर्देशों की समीक्षा की गई। इस दौरान विधायक श्री काश्यप ने महू रोड पर फव्वारा चौक से कलेक्टोरेट तक मुख्य रोड तथा सर्विस रोड के मध्य रेलिंग लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा हरमाला रोड पर प्रतिदिन लगने वाली सब्जी तथा फल-फूल मंडी को मथुरी क्षेत्र में स्थापित करने पर चर्चा की।

बैठक में विधायक काश्यप ने कहा कि नगर निगम में ऐसी व्यवस्था हो कि आमजन अपनी समस्या के निराकरण के लिए जब निगम कार्यालय आएं, तो यह सुनिश्चित करें कि वह व्यक्ति निगमायुक्त से मिल सके और अपनी समस्या बता सके। निगमायुक्त द्वारा निश्चित समय सीमा में उस व्यक्ति की समस्या हल की जाए। इस बैठक में कलेक्टर के साथ एसपी अभिषेक तिवारी, निगमायुक्त सोमनाथ

..शेष पृष्ठ 2 पर

## विधायक श्री काश्यप के लिए चुनौती ओव्हर ब्रिज और पुल निर्माण

शहर की समस्याओं को लेकर विधायक चेतन्य काश्यप की सक्रियता किसी से छुपी नहीं है,लेकिन सुभाष नगर में बन रहे ओव्हरब्रिज और सागोद पुलिया के नवनिर्माण का कार्य उनके लिए चुनौती बन गए हैं। शहर की आधी आबादी इन निर्माण कार्यों से प्रभावित हो रही है। सुभाष नगर में निर्माण कार्य आरंभ हुए तीन साल बीत रहे हैं, जबकि सागोद पुलिया का काम एक साल से धीमी गति से चल रहा है। विलंब से इनकी लागत बढ़ती जा रही है, जिसका खामियाजा शासन को भुगतना पड़ेगा। बहरहाल इन कामों के कारण हजारों लोगों को रोज परेशानी उठाना पड़ रही है। विधायक श्री काश्यप शहर के विकास को लेकर काफी संजीदगी दिखा रहे हैं, इसलिए इन निर्माण कार्यों को पूरा कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। लेकिन इनके निर्माण की यही गति रही तो, ब्रिज और पुल बनने में तीन-चार साल लग जाएंगे।

शहर की

पृष्ठ 1 का शेष

झारिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. इंद्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एसडीएम राजेश शुक्ला, सीएसपी हेमंत चौहान, आरटीओ दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने निगम को त्रिवेणी क्षेत्र में शीघ्र ही सब्जी, फल फूल विक्रेताओं के बैठने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने 15 अप्रैल तक सैलाना ओवरब्रिज के नीचे तथा विनोबा नगर श्मशान स्थल के समीप बैठने वाले सब्जी विक्रेताओं को भी विक्रय सुविधा निर्मित कर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा बाजार में दुकानों के बाहर सामान रखने पर रोक के लिए लाइनिंग करने के निर्देश भी दिए, ताकि यातायात बाधित नहीं हो।

बैठक में बताया गया कि चांदनीचौक स्थित आजाद चौक में पेड पार्किंग व सुविधाघर के लिए नक्शा बनाया जा रहा है। दो बत्ती, सैलाना रोड चौराहा, लोकेंद्र टाकीज चौराहे पर आधुनिक तकनीक वाले यातायात सिग्नल लगाने के लिए नगर निगम ने निविदाएं जारी कर दी हैं। इससे यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा।

17/3/22

झाली तालाब को सजाने में झमेला

# सीढ़ियों से घास और धूल-मिट्टी हटाए बिना ठेकेदार ने पोत दिया सफेदा



रतलाम | स्वच्छता में टॉप पर आने की भागदौड़ में लापरवाही चल रही है। ताजा उदाहरण श्री कालिका माता मंदिर स्थित झाली तालाब का है, जिसे सजाने के लिए रंग-रोगन किया जा रहा है। यह काम ठेकेदार गोपाल मित्तल कर रहे हैं। वह सीढ़ियों पर उग आई घास उखाड़े बिना और धूल मिट्टी हटाए बिना काम कर रहे हैं। इस कारण सफेद रंग से चमक रही तालाब की सीढ़ियों के बीच घास रंगत बिगाड़ रही है। फोटो - चिंटू मेहता

भास्कर

## दो साल से नहीं हुई पुताई

सामान्यतः शारदीय नवरात्र के पहले रंगाई-पुताई की जाती है, कोरोना महामारी के चलते दो साल से नगर निगम ने तालाब की सुध नहीं ली थी। अब जबकि कभी भी स्वच्छ सर्वेक्षण हो सकता है, अफसरों को तालाब के सौंदर्यीकरण की याद आई है। अगर यह रंग बरसात में टीक गया तो नवरात्र मेले के लिए अलग से खर्च नहीं करना पड़ेगा।

## दीवारों पर होगी आर्ट पेंटिंग

तालाब की दीवारों को आर्ट पेंटिंग से सजाया जाएगा। यह काम इंदौर की मोनिका आर्ट्स के कलाकार करेंगे। बुधवार से यह काम शुरू हो जाएगा। इसमें दीवार के साथ सीढ़ियों पर भी चित्रकारी की जाएगी।

दै. भास्कर 17/3/22

प्रसारण

# कलेक्टोरेट केन्टीन संचालक पर किया जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर षहर को गंदा करते है, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते है, खुले में यूरिन करते है, उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 16 मार्च बुधवार को 8 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार बालाजी किराना पर 4000, सांवरिया टी स्टॉल, रतन सिसोदिया, कलेक्टोरेट केन्टीन मॉं शारदा के संचालक पर 1000-1000, शिवम् रेस्टोरेंट, रजत रेस्टोरेंट पर 250-250, गोवर्धन पाटीदार, साया होटल पर 200-200 व कमल पर 100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी, अतिक्रमण व अमानक पॉलीथीन का उपयोग व विक्रय ना करने तथा खुले में यूरिन ना करने की समझाईश दी।

स्पॉट फाईन की कार्यवाही कुलदीप भट्ट, विजय मेहना, मनीश झांझोट, अंकित पुरोहित, राजकुमार भाटी आदि के द्वारा की गई।

प्रसारण 17/3/22

पत्रिका की खबर के बाद हुई कार्रवाई

# कलेक्टर कार्यालय कैंटीन पर जुर्माना, डिस्पोजल जब्त किए

फॉलोअप


कलेक्टर कार्यालय की कैंटीन में ही चल रहे अमानक डिस्पोजल

पत्रिका

प्रकाशित खबर।

## + रेलवे में प्रशिक्षण केंद्र की गंदगी में दिया नोटिस

रतलाम. शहर के कलेक्टर कार्यालय की कैंटीन में अमानक स्तर का डिस्पोजल के उपयोग करने के मामले में नगर निगम के स्पाट फाइन दल ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए एक हजार रुपए का जुर्माना कैंटीन संचालक पर लगाया है व बड़ी मात्रा में अमानक स्तर का डिस्पोजल जब्त किया है। इसके अलावा रेलवे के प्रशिक्षण केंद्र में कायम गंदगी के मामले में नोटिस जारी किए गए है। बता दे कि पत्रिका ने ही इस मामले में बुधवार को समाचार का प्रकाशन किया था।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कलेक्टर कार्यालय की कैंटीन में अमानक स्तर के डिस्पोजल के उपयोग की जानकारी सामने आई थी। पत्रिका के समाचार के बाद इसको संज्ञान में लिया गया व स्पाट फाइन दल को भेजा गया। इसके बाद दल के सदस्यों ने एक हजार रुपए का जुर्माना किया व बड़ी मात्रा में डिस्पोजल जब्त किए।

इधर रेलवे के प्रशिक्षण केंद्र में मंगलवार को स्पाट फाइन दल ने निरीक्षण किया था। इसके बाद बुधवार को नोटिस जारी कर दिए गए है। यहां पर इस समय जो संचालन देख रहा है, उसके नाम नोटिस जारी किए गए है। बालाजी किराना पर 4000, सांवरिया टी स्टॉल, रतन सिसोदिया, कलेक्टोरेट केन्टीन मां शारदा के संचालक पर 1000-1000, शिवम रेस्टोरेंट, रजत रेस्टोरेंट पर 250-250, गोवर्धन पाटीदार, साया होटल पर 200-200 व कमल पर 100 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया। स्पॉट फाईन की कार्यवाही कुलदीप भट्ट, विजय मेहना, मनीश झांझोट, अंकित पुरोहित, राजकुमार भाटी आदि के द्वारा की गई। पत्रिका

पत्रिका 17/3/22

## श्वान बधियाकरण निगरानी समिति के 3 सदस्यों की सदस्यता समाप्त

**रतलाम।** शहर में आवारा श्वानों के बधियाकरण कार्य को सुचारू रूप से करने व कार्य में पशु क्रूरता नियम 1960 की पालना को सुनिश्चित करने के लिये भारत सरकार द्वारा आदेशानुसार एनिमल बर्थ कन्ट्रोल (डॉग्स) रूल 2001 सब सेक्ष (1) सेक्षन 38 पी.सी.ए. 1960 (59 ऑफ 1960) डॉग्स रूल के अन्तर्गत नगर निगम द्वारा गठित निगरानी समिति के 3 सदस्यों की सदस्यता समाप्त की गई। निगरानी समिति सदस्य श्रीमती आशा पति ईश्वरलाल गुप्ता (एनिमल एक्टिविस्ट), श्रीमती आपरा पति पुश्पेन्द्र खण्डेलवाल सोशयल वर्कर व सुश्री शिल्पा पिता विजय कुमार जोशी सोश्यल वर्कर द्वारा 2 मार्च को अजन्ता पैलेस क्षेत्र में श्वान पकड़ने वाली टीम द्वारा पकड़े गये श्वानों को छुड़वाकर भगाने का कृत्य कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने व संबंधितों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज होने पर तीनो सदस्यों की सदस्यता समाप्त की गई। अग्नि 16

अग्निबाण 16/3/२२

## नगर निगम के विभिन्न करों से 12.47 लाख राजस्व प्राप्त हुआ

रतलाम। संपतिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराये गये करो के तहत 16 मार्च बुधवार को कुल राशि रूपये 12,47,593/- का राजस्व प्राप्त हुआ। नगर निगम के विभिन्न करों के तहत 16 मार्च बुधवार को संपत्तिकर कार्यालय से 502489, वसूली दल 381198 कुल 883687, जलकर कार्यालय से 229420, दुकान गुमटी किराया कार्यालय 15517 व वसूली दल 41328 कुल 56845 लीजरेंट 77641 इस तरह कुल राशि रूपये 12,47,593/- का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ।

प्रसारण 17/3/२२

